हिसार | वर्ष : 37 | अंक : 21 | मंगलवार, 23 अप्रैल, 2024 | फोन : 9896472584, 9255273410 | मूल्य : 2.00 | पृष्ठ : 06
Email.: dailypathakpaksh@yahoo.in, Website : www.dailypathakpaksh.in
हरियाणा का अग्रणी दैनिक
# पाठकपक्ष
RNI 70280/91

आप सभी को हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं



## सम्पादकीय...........

## शतरंज की दुनिया में गुकेश ने रचा इतिहास

*शतरंज की दुनिया में सतरह वर्षीय डी गुकेश ने जो इतिहास रचा है, वह बहुत सुखद और स्वागत के योग्य है। रविवार को टोरंटो में एफआईडीई कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले वह पहले किशोर बन गए हैं। वह सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर्स भी बन गए हैं और विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स जीतने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय भी। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शतरंज खिलाड़ियों के लिए चुनौती बन गए हैं और अब तक के सबसे श्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद से वह पिछले वर्ष ही आगे निकल चुके हैं। ध्यान रहे कि आनंद तीन दशक से भी ज्यादा समय तक देश के अव्वल खिलाड़ी रहे हैं और अब उनका स्थान गुकेश ने ले लिया है। गुकेश ने अंतिम दौर में नाकामुरा के खिलाफ ड्रॉ के साथ कैंडिडेट्स में जीत दर्ज की है। अगला विश्व शतरंज चैंपियन बनने के लिए उनका सामना डिंग लिरेन से होगा। टोरंटो में आयोजित इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में गुकेश को आला दरजे का प्रतिद्वंद्वी नहीं माना जा रहा था, अतः शतरंज की दुनिया के लिए भी गुकेश किसी चमत्कार से कम नहीं हैं। गुकेश की इस सफलता के पीछे उनका लंबा संघर्ष छिपा है। 29 मई, 2006 को चेन्नई में जन्म लेने वाले गुकेश ने महज सात साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। शतरंज की दुनिया में उन्हें महज 12 की उम्र में ही पहचान मिल गई थी, जब उन्हें ग्रैंडमास्टर का दरजा मिला था। गुकेश की दुर्लभ प्रतिभा की जितनी तारीफ की जाए कम होगी। अक्सर ऐसे खिलाड़ी हुए हैं, जो बढ़ती उम्र के साथ रैंकिंग में लुढ़कने लगते हैं, पर गुकेश लगातार सीढ़ियां चढ़ रहे हैं। उनके प्रदर्शन में विरल किस्म की स्थिरता है। पर्याप्त तेजी और आक्रामकता है। किसी भी आक्रमण का जवाब वह बहुत आराम से देते हैं। उनके आक्रमण में गहराई है, जिससे प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी डगमगा जाते हैं। किसी हार के बाद वह तत्काल जीत के लिए प्रयासरत हो जाते हैं। यही खूबियां उन्हें बहुत कम समय में दुर्लभ ऊंचाई पर ले आई हैं। यहां विश्वनाथन आंनद भी उनकी खूब प्रशंसा कर रहे हैं। बधाइयों का तांता लगा हुआ है, तो जाहिर है, इससे भारत में शतरंज को और बढ़ावा मिलेगा। भारत शतरंज खिलाड़ियों का एक पुराना गढ़ है, पर यदा-कदा चमक बिखेर देने वाले खिलाड़ियों के बजाय सतत चमकने वाले खिलाड़ियों की जरूरत है। गुकेश में यह क्षमता है कि वह विश्व चैंपियन की पदवी पर वर्षों तक बने रह सकते हैं। यह सोने पर सुहागे जैसा है कि वह विश्व चैंपियनशिप मैच में खेलने वाले सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर बन जाएंगे। यह प्रेरणा निश्चित ही भारतीय खिलाड़ियों के काम आई है। गुकेश, विदित, प्रगनानंद, वैशाली और हंपी ने भी प्रतियोगिता में भाग लिया था और इन सभी के बीच गुकेश सबसे अव्वल रहे, तो आनंद को कोई आश्चर्य नहीं है। आनंद नई पीढ़ी के इन भारतीय शतरंज खिलाड़ियों की मजबूत मनोदशा और अथाह प्रतिभा से अच्छी तरह परिचित हैं। नई पीढ़ी के खिलाड़ियों में किसी भी प्रकार का भय या चिंता नहीं है। उनका पूरा ध्यान बाजी जीतने पर होता है और यही बात विश्व चैंपियनशिप में गुकेश के काम आएगी, जब उनका मुकाबला वर्तमान चैंपियन चीनी खिलाड़ी डिंग लिरेन से होगा।*

# इस चलंत तीर्थ के ज्ञान से मिलता है तुरंत फल, बदल जाता है जीवन

**अध्यात्म**

वर्तमान में जियो। अतीत एक सपना है और भविष्य एक कल्पना है। वर्तमान ही जीवन है। केवल वर्तमान ही आपके हाथों में है और इसी में हम सब को जीना है। वर्तमान में जीने का मतलब है, परमात्मा यानी सत्य के साथ जीना। इसे ही धर्म कहा गया है। इसलिए वर्तमान को पूरे उत्साह, उमंग, उल्लास के साथ जियो। इससे बढ़कर जीवन में कुछ भी नहीं। यह जीवन निर्माण की आधारशिला है। वर्तमान का ही महत्व है। भूत के अनुभवों का इतना ही लाभ है कि जो सीखा है, उससे वर्तमान को सुव्यवस्थित बनाने में उपयोग किया जाए। भविष्य चिंतन की उपयोगिता इतनी ही है कि उसके आधार पर वर्तमान की गतिविधियों को सुनियोजित किया जाए। भूत या भविष्य में उलझे रहने वाले मस्तिष्क का वर्तमान पर समुचित ध्यान देना कठिन हो जाता है। कल्पनाएं, भावुकताएं इस सीमा तक बढ़ जाती हैं कि चिंतन को वर्तमान पर ठीक तरह से केंद्रित कर सकना हो ही नहीं पाता है।

आगे और पीछे की बातें सोचने में दिक्कत नहीं, पर उनकी मर्यादा उतनी ही रहनी चाहिए, जो वर्तमान से तालमेल बना पाती है। आज जो संभव है, उसी को अधिक अच्छा बनाने का प्रयत्न करने में भलाई है। उसी पर हम अपनी बुद्धिमत्ता और जागरूकता केंद्रित करें। तत्परता और तन्मयता जैसे सद् गुणों का अभ्यास करने के लिए यही उचित है कि वर्तमान को त्रुटिविहीन बनाएं और उसे इतना अधिक परिष्कृत करें कि उसमें अविवेकपूर्ण कार्यों का नहीं, जागरूक कलाकारिता का दर्शन होने लगे। जीवन अनंत संभावनाओं का नाम है। यह पूर्णता से ही पूर्ण किया जा सकता है। संसार में जितने भी प्राणी हैं, उनमें भी अनंत संभावनाएं हैं। हम जितना खोजेंगे, प्राणियों में उतनी ही संभावना नजर आएगी।

समस्त प्राणियों में मनुष्य की चेतना का स्तर सदैव विस्तार पाता रहता है। मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें आध्यात्मिक और दैविक संभावनाएं हैं। उसके अंदर अतुल्य सामर्थ्य है। मनुष्य सभी बंधनों से मुक्त होता है। तीर्थ स्थल ऐसे होते हैं जिसमें आपको चल कर जाना पड़ता है, लेकिन गीता भागवत कथा चलंत तीर्थ है। यह स्वयं भक्तों के बीच पहुंचता है। दूसरे तीर्थ का फल कब मिलेगा यह समय की बात है, परंतु यह तो त्वरित फलदायी है। धर्म जानने का नहीं, उस पर चलने का नाम है। बिजली की खोज करने वाले वैज्ञानिक ने तो स्पष्ट कहा था कि वह तो एक छोटी सी खोज ही कर पाया है उसके लिए यह मुट्ठी में रेत भरने जैसा है। मनुष्य चाहे तो पूरे जीवन संभावनाओं की तलाश में व्यतीत कर सकता है। हर मनुष्य अपने जीवन का परिणाम जानता है, परंतु फिर भी उसी के पीछे अपना जीवन व्यतीत करता है। सत्संग से ही ज्ञान मिलता है। मानव को सत्संग में अवश्य जाना चाहिए क्योंकि सत्संग के बिना मनुष्य अधूरा रहता है। सत्संग यानी सद्पुरुषों का संघ। इससे इंसान का जीवन ही बदल जाता है। ऐसा प्रयत्न करो कि हमें किसी से कुछ मांगना न पड़े। मांगने से आत्मबल कमजोर हो जाता है। यदि मांगना ही पड़े तो उस परमसत्ता के आगे झोली फैलाएं। कर्म, फल दिए बिना शांत नहीं होता। जैसा बोते हैं वैसा ही काटते हैं। जीवन में जैसा करते हैं, वैसा फल प्राप्त होता है। कांटे बोकर जो लोग फूल की इच्छा करते हैं, वे स्वयं को धोखा देते हैं। सांसारिक इच्छाएं अनंत हैं, मनुष्य की इच्छाओं का कभी अंत नहीं होता है। वृद्धावस्था में भी परमात्मा के प्रति श्रद्धा का भाव प्रकट हो जाए तो जीवन सफल हो जाता है।

## सुण मौल्लड़ की



नरेश यादव ढाणा वाले कांग्रेस में शामिल।

धन शक्ति अर जनशक्ति दोनू पार्टी खातर फायदेमंद सैं।

## कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** व्यापार में नए अवसर प्राप्त होंगे। सांझेदारी के कार्यों से लाभ होगा। व्यापारिक सांझेदारों के साथ संबंध मधुर रहेंगे।

**वृषभ :** अनावश्यक तनाव मन को परेशान करेगा। षडयंत्र का शिकार हो सकते हैं। सावधानी बरतें। दौड़ धूप के बावजूद सफलता मिलना मुश्किल है। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**मिथुन :** मौज मस्ती में समय बीतेगा। बच्चों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षकों के लिए दिन शुभ रहेगा।

**कर्क :** मन में अंजाना भय बना रहेगा। मित्रों के साथ संबंधों को मधुर रखें। धैर्यपूर्वक कार्य करें। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**सिंह :** दिन भाग्यशाली रहेगा। प्रत्ये कार्य में सफलता प्राप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय लाभकारी साबित होंगे।

**कन्या :** नए लोगों का संपर्क भाग्योदय में सहायक रहेगा। बिखरे कार्यों को समेटने में परिजनों का सहयोग मिलेगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

**तुला :** मन संवेदनशील बना रहेगा। कला के क्षेत्र में रूचि बढ़ेगी। अनुभवी लोगों का साथ प्राप्त होगा। गाय माता की सेवा करें।

**वृश्चिक :** मन में चिड़चिड़ापन बना रहेगा। लोग गुमराह करने की कोशिश करेंगे, सावधानी रखें। असामाजिक कार्यों से दूर रहें। भगवान गणेश जी की पूजा करें।

**धनु :** लम्बे समय से चली आ रही समस्या समाप्त होगी। लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। नई योजनाओं की शुरूआत लाभकारी रहेगी।

**मकर :** भौतिक साधनों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ खुशी भरा समय व्यतीत करेंगे। यात्रा शुभ रहेगी।

**कुंभ :** भाग्योदय के अवसर मिलेंगे। पूंजी निवेश से लाभ होगा। मेहनत के अनुसार सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**मीन :** कोई भी नया कार्य आरंभ न करें। व्यापार संबंधी महत्वपूर्ण निर्णयों को टाल दें। विवादों से दूर रहें। दुर्गा माता की पूजा करें।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# नकारात्मक होना तो बहुत ही सहज है, सकारात्मक बनने के लिए मेहनत और मोहब्बत दोनों चाहिए

-पाठकपक्ष डेस्क-



हम अपनी जिंदगी में, संबंधों में, व्यवहार में, नकारात्मकता को सहजता से स्वीकार कर लेते हैं, जबकि सकारात्मकता को लाने में, उसे स्वीकार करने में हमें मेहनत करनी पड़ती है, उदाहरण के तौर पर किसी की घृणा को तो हम एक पल में भांप लेते हैं, और हम प्यार करते है तो उसे यकीन दिलाने में पूरी जिंदगी लग जाती है। हम सब दूसरों में देखें तो अधिकतर अच्छाइयां ही होती है, बुराई तो कम ही होती है, पर ध्यान कहां जाता है, एक आध जो कमी कमजोरी होती है उसी पर लगा रहता है और उसे बताने में, भला बुरा कहने में, ठीक करने में अपना समय और ऊर्जा लगाते रहते हैं और बार-बार उसकी चर्चा करके वातावरण को भी नकारात्मक बना देते हैं। यही कारण है कि जब भी, जहां भी, हम ज्यादातर इकठ्ठे रहते हैं, वहां दोष दृष्टि होने के कारण, एक दूसरे के अवगुण, कमियां देखते हैं और नकारात्मक ऊर्जा को वाइब्रेट कर खुद भी हल्के नहीं रह पाते और दूसरों को भी भारी कर देते हैं, उदासी से आपसी संबंध भी बोझिल बना लेते हैं। यही कारण है कि पति-पत्नी, भाई-बहन,ननद भौजाई, सास बहू, में तो शाश्वत कलह चलता ही रहता है, पारिवारिक रिश्तों में ही नहीं, अपितु प्रिय लगने वाले मित्रों में भी एक समय के बाद संबंधों में मिठास की जगह कड़वाहट आ जाती है। एक बैंक में आफिसर लड़का और लड़की दूसरे को बहुत पसंद करते थे, दोनों एक-दूसरे को बहुत चाहते थे, दोनों के परिवार वालों रजामंदी से मिलकर उनकी शादी करवा दी। कुछ समय तो बहुत अच्छा निकला, फिर वही कहानी कि एक दूसरे की कमियां दिखाई देने लगी और दोनों जो एक दूसरे पर जान छिड़कते थे, अब एक दूसरे के जानी दुश्मन बन गये। वहां उनके आफिस में नया बॉस आ गया, वो बहुत ही कड़क और खडूस था, सब उससे परेशान और दुखी थे। पर जब भी कोई समस्या आती, तनाव आता तो वह अपने वैलेट को खोलता, उसमें अपनी पत्नी की तस्वीर देखता और फिर से काम में लग जाता। ऐसे ही उसकी पत्नी भी जब बहुत स्ट्रैस में होती तो अपने पर्स से एक वैलेट निकालती और दिदारे यार करती और फिर से उत्साह में काम में लग जाती। उनके इस व्यवहार को उनका एक मित्र अक्सर आब्जर्व करता था, एक दिन उससे रहा नहीं गया और उसने उनसे पूछ ही लिया, कि यार तुम्हारा तो आपस में इतना प्यार है, लवबर्ड हो, एक दूसरे की फोटो देख कर ही उत्साह में आ जाते हो।तब उसे पता चलता है कि वो एक दूसरे की शक्ल तक नहीं देखना चाहते, फोटो देखकर अपने मन को तसल्ली देते हैं कि जब इतनी बड़ी मुसीबत के साथ रह सकते हैं तो इसके सामने दुनिया में बाकी मुसीबतें तो छोटी लगने लगती है। ये सिर्फ पढ़कर हंसने वाली बात नहीं है, वास्तव में यह एक एडजस्टमेंट का तरीका है, कोपिंग मैकेनिज्म है। संबंधों में खटास न आएं, कड़वाहट न आए इसलिए दोष देखने की वृति की जगह अपने आप को गुणग्राही बनाएं।

**-डॉ. कमलेश कली**

## कर्म का मर्म

## इसलिए बाल गंगाधर तिलक बन गए अध्यापक

बात उस समय की है जब बाल गंगाधर तिलक ने वकालत की परीक्षा पास कर ली थी। एक मित्र ने उनसे पूछा, अब क्या करना चाहते हो? वकालत करोगे या कहीं नौकरी पकड़ लोगे? बाल गंगाधर बोले, 'मुझे पैसों की इतनी भी जरूरत नहीं कि मैं सरकार की नौकरी करके अफसरशाही की गुलामी करूं। लेकिन मैं वकालत भी नहीं करना चाहता।' कुछ दिनों बाद उनके मित्रों को पता चला कि बाल गंगाधर ने एक स्कूल में अध्यापक की नौकरी कर ली है। सबने सिर पीट लिया।



कुछ समय बाद जब तिलक मित्रों की एक बैठकी में थे, एक ने उनकी बुद्धि पर तरस खाते हुए कहा, 'तुमने इतनी ऊंची डिग्री हासिल की और अच्छी-अच्छी नौकरियों के ऑफर ठुकरा कर मामूली तनख्वाह वाली अध्यापक की नौकरी कर ली। क्या तुम्हारी बुद्धि मारी गई है? इस नौकरी में तो अंतिम समय के दाह संस्कार के लिए भी पैसे नहीं बचेंगे।' तिलक ने गौर किया कि वहां मौजूद सारे दोस्त उसकी बात से सहमति रखते हैं। वह थोड़ी देर चुप रहे, फिर आहिस्ते से कहा, 'मित्र मैंने यह निर्णय इसलिए लिया है कि अध्यापन की नौकरी बहुत पवित्र है। यह वह भूमि है जिसे सींचने पर ऐसे फूल खिलेंगे जिसकी खुशबू पूरे देश ही नहीं बल्कि विश्व को सुभाषित करेगी। रही बात अंतिम संस्कार की तो वह काम तो सरकार कर ही देगी। इसलिए चिंता की कोई बात नहीं।' मित्र उनकी बात सुनकर सुखद आश्चर्य में डूब गए। उन्हें यह बात समझ में आ गई कि जब हमारी सोच पवित्र होती है तो मन में संतुष्टि के भाव आ ही जाते हैं। तिलक ने कहा, 'संतुष्टि ही परम सुख है, परम शांति है। धन उपार्जन और ऐश्वर्य का प्रदर्शन अनंत काल तक मन की शांति नहीं दे सकता।' सभी मित्र तिलक के विचार से प्रभावित होकर उनके प्रति श्रद्धानत हो गए।

# पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुभाष चंद्रा का किया स्वागत व धन्यवाद





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 अप्रैल :** पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ सुभाष चंद्रा अपने निवास स्थान कृष्णा मंडी हिसार पर कार्यकर्ताओं एवं सामाजिक संस्थाओं से मुलाकात की। सुभाष चंद्रा फाउंडेशन द्वारा संचालित युवा खेल एवं लाइफ स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के अन्तर्गत संचालित खेल अकेडमियों से नौकरी लगे 22 युवा - युवतियों एवं महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वरोजगार प्राप्त एसएचजी महिलाएं एवं हिसार लोकसभा के 9 ब्लॉक से सैंकड़ों कार्यकर्ता डॉ सुभाष चंद्रा का धन्यवाद करने पहुंचे। पब्लिक मीटिंग के बाद हरिसिंह सैनी, शालू दीवान एवं ताराचंद (चाय वाले) के घर शोक व्यक्त करने पहुंचे।

# गीता विश्व का एकमात्र शास्त्र जिसकी रचना नहीं हुई व न ही लिखा गया : गीता मनीषी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 23 अप्रैल :** समूचे विश्व में एक शास्त्र है एकमात्र भगवत गीता है जिसकी किसी के द्वारा रचना नहीं हुई जो लिखा नहीं गया। यह भगवान कृष्ण के द्वारा गाया गया है। स्वयं भगवान के श्रीमुख से जो प्रकट हुआ है वो गीता है। यह बात गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद महाराज ने एसडी महिला महाविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय दिव्य गीता सत्संग के दौरान कही। गीता मनीषी ने स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि गीता ऐसे वातावरण में गाया गया जहां पूरे वातावरण में तनाव, दबाव था व अस्थिरता थी। ऐसे वातावरण में जन्म होता है गीता का। गीता का तत्व भी यही है कि स्वयं भगवान को मन में बसाकर अहम को मन से निकालकर यदि जीव कर्म करेगा तो कर्मों के बंधन की बेड़ियां टूटेंगी। यह गीता का कर्म तत्व है। गीता ऐसा ग्रंथ है कि जिसके लिए कोई यह नहीं कह सकता है कि यह केवल हमारा है। हमें गीता पर गर्व व गौरव होना चाहिए। गीता पुरी मानवता के लिए है। भगवान कृष्ण कहते हैं कि यह संपूर्ण सृष्टि मेरे में है व मैं पूरी सृष्टि में रमा हुआ हुं। यह सारे प्राणी मेरे लिए समान है। मेरी दृष्टि में कोई



छोटा नहीं है। गीता मनीषी ने कहा कि आजकल बचपन खोखला होता जा रहा है। आज छोटे बच्चे के हाथ से मोबाइल छीन नहीं सकते। बच्चों में टॉलरेंस पावर कम हो रही है। जिसके अंदर सहनशक्ति को बढ़ाने का अनूठा ग्रंथ है। सहन शक्ति होगी उतनी अंदर की क्षमताएं बढेंगी। जितनी सहन शक्ति दृढ होगी प्रकृति भी उतना साथ देगी। जहां सहन शक्ति नहीं वहां आपस का प्यार भी नहीं रहता व शांति भी नहीं रहती। दिव्य गीता सत्संग के दौरान विधायक विनोद भयाना, भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार रणजीत चौटाला, हैफेड प्रशासक नरेंद्र भयाना, प्रवीन गोयल कड़ियों वाले, डॉ वीएम लीखा, डॉ ओपी चराया, सतपाल खांडेवाला, सुभाष गोयल भट्ठे वाले, सुमित मुंजाल, सौरभ मुंजाल, रामस्वरूप खट्टर, श्री कृष्ण कृपा समिति के प्रधान देवराज खट्टर, जगदीश भाटिया, भाजपा के मंडल महामंत्री तनूज खुराना, सोनु जांगड़ा, कृष्ण धवन, महेश तनेजा, अंशु मिनोचा, शम्मी मदान व अन्य श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। मंच संचालन सलोनी मदान ने किया।

## सेंट कबीर विद्यालय की शिक्षिका प्रवीन आर्या 'एजु एक्सीलेंस अवार्ड' से होंगी सम्मानित

**पाठकपक्ष न्यूज**



**हिसार, 23 अप्रैल :** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रयासरत सेंट कबीर विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती प्रवीण आर्या को 'एजु एक्सीलेंस अवार्ड' के लिए चयनित किया गया। इस समारोह का आयोजन जून में किया जाएगा, जहाँ सेंट कबीर की शिक्षिका को प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी व 5000 रूपए नगद पुरस्कार से नवाज़ा जाएगा। समस्त सेंट कबीर परिवार के लिए यह अत्यंत गर्व व हर्ष का विषय है। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती नीरू महतानी, प्रबंधक श्री विजय सिंह व संरक्षिका श्रीमती सविता सिंह ने उनकी इस विशिष्ट उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी।

# फसलों की खरीद, उठान तथा भुगतान में नहीं सहन की जाएगी देरी व लापरवाही : एसडीएम मोहित महराणा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 23 अप्रैल :** रविवार रात्रि को हुई बूंदाबांदी के बाद एसडीएम मोहित महराणा ने स्थानीय अनाज मंडी का दौरा कर तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। श्री मोहित महराणा ने निरिक्षण दौरे के दौरान मंडी में साफ सफाई से लेकर फसल खरीद तथा उठान सहित तमाम व्यवस्थाओं का निरक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की अनाज मंडी व फसल खरीद केंद्रों में किसी भी किसान को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। अगर इस संबंध में



कोई भी शिकायत प्राप्त हुई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अनाज मंडियों में फसलों की खरीद , उठान तथा फसल खरीद के भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी व लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा की फसल कटाई का कार्य किसानों द्वारा तेजी से पूरा किया जा रहा है। एक अनुमान के अनुसार लगभग आधा कार्य पूरा हो चुका है। आगामी 7-8 दिनों में फसल कटाई का लगभग कार्य पूरा हो जाएगा। फिलहाल मंडियों में गेहूं की आवक बहुत तेजी से हो रही है। अधिकारी तमाम व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें। उन्होंने कहा कि मौसम को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त स्वच्छ पेयजल व तिरपाल इत्यादि की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें। एसडीएम ने कहा कि पिछले चार-पांच दिनों से अनाज मंडियों में लिफ्टिंग का कार्य काफी बेहतरीन ढंग से चल रहा है। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों तथा कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि गेहूं की आवक को देखते हुए लिफ्टिंग के कार्य में और तेजी लाये ताकि किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने अनाज मंडी में लोडिंग प्वाइंटों का भी निरीक्षण किया, इस दौरान लगभग 12 गाड़ियां लोडिंग की जा रही थी। मार्केट कमेटी के सचिव रामकुमार लोहान ने बताया कि अनाज मंडियों से फसल उठान का कार्य तेजी से करवाया जा रहा है। रविवार के दिन कुल 31048 क्विंटल गेहूं उठान का कार्य किया गया है। एक दिन में हांसी अनाज मंडी से 20368 किवंटल, सियाय अनाज मंडी से 5728 किवंटल तथा घिराय अनाज मंडी से 4952 की किवंटल गेहूं की फसल का उठान किया गया है। रविवार के दिन ही 2348 किवंटल सरसों की फसल का भी उठान किया गया।

muse
a designer's commune
STOCK CLEARANCE
UPTO
80%OFF
DESIGNER BRANDS IN
BOUTIQUE PRICES
Add. Muse Multi Designers Store N121 1st Floor Model Town
Gurudwara Road(above Lovely Salon) phone No 8222035555

*उपायुक्त प्रदीप दहिया ने जिले के नागरिकों से लोकतंत्र के उत्सव में बढचढकर भाग लेने का आह्वान किया*

# 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों व 40 प्रतिशत से अधिक के प्रतिशतता वाले दिव्यांग मतदाताओं के मतदान को सुनिश्चित करने के लिए किए जाएंगे व्यापक प्रबंध

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 23 अप्रैल :** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने जिले के नागरिकों से लोकतंत्र के उत्सव में बढचढकर भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा है कि 25 मई को सभी लोग बिना भय और लालच के पूरे विवेक से मतदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने मतदान प्रतिशतता को बढाने के लिए 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों व 40 प्रतिशत से अधिक के प्रतिशतता वाले दिव्यांग मतदाताओं के मतदान को सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में 5 मतदाता ऐसे हैं जो 100 वर्ष से अधिक की आयु के हैं। इनमें नारनौंद विधानसभा क्षेत्र के गांव कोथ कला के मतदान केंद्र नंबर 9 के तहत सदीकन पुत्र रमजान तथा नलवा विधानसभा क्षेत्र के गांव कालवास के मतदान केंद्र नंबर 139 के तहत श्री राम पुत्र श्री हरिकिशन 106 वर्ष की आयु के हैं। इनके अतिरिक्त नारनौंद विधानसभा क्षेत्र के गांव सीसर के मतदान केंद्र नंबर 212 के तहत दिवान सिंह पुत्र अमर सिंह, नलवा विधानसभा क्षेत्र के गांव पायल के मतदान केंद्र नंबर 161 के तहत भगवानी पत्नी दिवान सिंह 104 वर्ष तथा नलवा विधानसभा क्षेत्र के गांव मंगाली आकलान के मतदान केंद्र नंबर 130 के तहत हेमीबाई 103 वर्ष के मतदाता हैं। उपायुक्त ने बताया कि सर्विस वोटर और उनकी पत्नियों को बिना पोलिंग बूथ पर जाए ही अपना वोट डालने का अधिकार है। इसी प्रकार से चुनावी ड्यूटी में लगे सरकारी अधिकारी/कर्मचारियों को भी चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र व निर्धारित फार्म भरकर मतदान करने का हैं। भारतीय निर्वाचन आयोग ने ऐसे मतदाताओं को भी पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने का अवसर दिया है, जिनकी ड्यूटी आवश्यक सेवाओं में लगी है। ऐसे मतदाता फार्म 12 डी भरकर अपना मतदान कर सकेंगे। ऐसे मतदाताओं की 29 श्रेणियां बनाई गई हैं। इन श्रेणियों के मतदान के लिए जल्द ही नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए जाएंगे।

# चुनावी ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर होगी एफआईआर

*जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने सहायक निर्वाचन अधिकारियों से मांगी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची*



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 23 अप्रैल :** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने चुनावी ड्यूटी में कोताही बरतने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि बिना किसी ठोस कारण के गैर हाजिर रहने, कार्य में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध नियमानुसार एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों से ऐसे अधिकारियों व कर्मचारियों की सूची मांगी है, जिनकी मतदान तथा मतगणना के अलावा उनके साथ चुनावी ड्यूटी लगाई गई है। उपायुक्त ने ऐसे अधिकारी/ कर्मचारियों का उल्लेख करने के लिए भी कहा है, जो सही से कार्य नहीं कर रहे हैं या काम में लापरवाही कर रहे हैं। यह सूची दो दिन के भीतर सहायक निर्वाचन अधिकारियों से तलब की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक देश में चुनावी प्रक्रिया सबसे अहम मानी जाती है। इसलिए अधिकारियों/ कर्मचारियों को इस प्रक्रिया के लिए लगाई गई जिम्मेवारियों को पूरी मेहनत, लगन व गंभीरता से करना होगा। उपायुक्त ने कहा कि पूर्व के कई चुनावों में लापरवाही बरतने वाले कई अधिकारियों/कर्मचारियों को निलंबन व टर्मिनेट तक किया गया है, इसलिए चुनाव से संबंधित ड्यूटी को कोई भी अधिकारी या कर्मचारी हल्के में न लें। अपने कार्यालय में सहायक निर्वाचन अधिकारियों की बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि वे दो दिन के भीतर प्रेजाइडिंग ऑफिसर, सहायक प्रेजाइडिंग ऑफिसर के साथ-साथ उन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भी विस्तृत ब्यौरा भेजें जिनकी ड्यूटी चुनाव के संबंध में लगाई गई है। चुनाव कार्यालय की तरफ से अवगत करवाया गया कि अभी तक 7 सहायक निर्वाचन अधिकारी, 9 एईओ, 1576 पीओ, 1576 एपीओ, फ्लाईंग स्कवायड टीम में 168, वीडियो सर्विलांस टीम में 21, एसएसटी टीम में 84, वीडियो व्यूविंग टीम में 14, चुनाव कार्यालय के 20, नोडल अधिकारी 30, मास्टर ट्रैनर 40 के अलावा सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों द्वारा लगभग 1500 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, एसीयूटी अर्पित सांगल, जिला परिषद सीईओ कुलभूषण बंसल, डीआरओ चेतना चौधरी तथा चुनाव तहसीलदार जगदीप मान आदि उपस्थित थे।

# दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में 'विश्व पृथ्वी दिवस' पर निकाली जागरूकता रैली




-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 23 अप्रैल :** गत दिवस सोमवार को दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में 'विश्व पृथ्वी दिवस' के उपलक्ष्य में पर्यावरण अध्ययन विभाग और भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राचार्य ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जाति का विकास आदिकाल से ही उसके पर्यावरण की देन रहा है और हम सभी को पृथ्वी पर मंडराते गंभीर खतरे के प्रति सजग रहना चाहिए। कार्यक्रम की संयोजिका और भूगोल विभाग की अध्यक्षा प्रो. मंजू शर्मा ने बताया कि पृथ्वी दिवस पर्यावरण के मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है। हमारी पृथ्वी का संतुलन बिगड़ रहा है, जिससे मौसम की स्थिति, जीव-जंतुओं की संखा और प्रकृति पर इसका गहरा असर पड़ रहा है इसलिए हम सभी को पृथ्वी की रक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए। रैली में विद्यार्थियों ने नारों व चित्रों के माध्यम से आमजन को पृथ्वी के संरक्षण का संदेश दिया। प्राध्यापक डॉ. विभा कौशिक, डॉ. मीनाक्षी, प्रो. राखी, प्रो. सुखबीर व प्रो. विक्रमजीत के नेतृत्व में रैली शहर के मुख्य मार्गों, लोहा मण्डी चौक व सुशीला भवन से होती हुई वापिस महाविद्यालय परिसर में पहुँची। इस अवसर पर डॉ. वलेरिया सेठी, डॉ. संगीता मलिक व भूगोल विभाग से अन्य प्राध्यापकगण तथा बहुत से विद्यार्थी भी मौजूद रहे।

# हर दर पर माथा रगड़ने वाला दर-बदर हो जाता है : स्वामी उमानंद

*राम भक्त हनुमान मंदिर, जवाहर नगर में हनुमान कथा का चतुर्थ दिवस*



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 23 अप्रैल :** रामभक्त हनुमान मंदिर समिति, गली नम्बर-2 जवाहर नगर के 29वें वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही हनुमान कथा के चतुर्थ दिवस श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए कथा व्यास डॉ. स्वामी उमानंद मानसमणि ने कहा कि जहां से मिल सके, खुशियां और दुआएं बटोरते रहो। जो अतिरिक्त है, उसे बांटते रहो। अनुभवों से सीखते रहो और लोगों के हृदय में जिंदा रह सको, ऐसा काम करो। जीवन दोबारा नहीं मिलता है इसलिए कोशिश करें कि प्रत्येक श्वास का सदुपयोग हो। हस्ती तो केवल हंसते हुए इंसान की ही बनती है। जो बनानी पड़े, वह हस्ती नकली है। यदि इस संसार में कहीं शांति है तो वह शांति केवल आपके अंदर है। शौक की तरह दर नहीं बदले जाते हैं। हर दर पर माथा रगडने वाला दरबदर हो जाता है। आप जीवित हैं ,सांस ले रहे हैं - क्या इससे भी बड़ा कोई चमत्कार है। प्रत्येक क्षण परमात्मा का जो शुक्र करता है, वही परमात्मा की असीम कृपा का साक्षात्कार कर पाता है। भगवान की कथा श्रवण करने से यह विश्वास दृढ़ होता है कि परमात्मा हर क्षण हमारे साथ है। संसार हमारा साथ छोड़ सकता है पर भगवान हमें एक पल के लिए भी अकेला नहीं छोड़ते हैं। संसार में जो कुछ हो रहा है, वह समझ में आ जाए तो भगवान की कृपा है और अगर न समझ में आए तो भगवान की माया है। आग्रह मुक्त होकर प्रकृति और जीवों की सेवा करना परमात्मा की सर्वश्रेष्ठ भक्ति है। इस अवसर पर समिति के प्रधान इंद्रचंद राठी, के.के.सेहरा, भगतचंद मेहता, प्रीतम छाबड़ा, सूरजप्रकाश, सुमित मित्तल, राजेश सुखीजा, हरबंस ग्रोवर, सुरेन्द्र सिहाग, भीमसैन बवेजा, सुरेन्द्र कटारिया, सुरेश जैन, राजेश अरोड़ा, शिवदयाल वर्मा, अमीरचंद वधवा, ओमप्रकाश चुटानी, दर्शन काठपाल, रोहित राठी, नारायण दास तनेजा, रामप्रताप लेगा, नत्थूराम सैनी, शिवदयाल डेम्बला, गोबिंद मधु सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# जनसेवा कल्याण भारत ट्रस्ट ने अनाज मंडी में लगाई मीठे पानी की छबील




-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 23 अप्रैल :** गर्मी को देखते हुए जनसेवा कल्याण भारत ट्रस्ट द्वारा मीठे पानी की छबील नई अनाज मंडी हिसार में लगाई गयी। जिसे लोगों ने खूब सराहा और मीठे पानी का आनंद लिया। ट्रस्ट ने लोगों से निवेदन किया की गर्मी के इस मौसम में छत पर पक्षियों के लिए पानी रखे। इस मौके पर ट्रस्ट के चेयरमैन योगेन्द्र, प्रधान सुनील, महासचिव विजेंदर, राज्य प्रधान गुलशन कुमार कथूरिया, सतीश, योगेश, कुलवंत, सतीश भूटानी, हरीश व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# भारतीय मजदूर संघ की राज्य कार्यसमिति की बैठक 27-28 अप्रैल को : अजीत फौजी

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 23 अप्रैल :** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक मॉडल टाऊन स्थित संगठन कार्यालय में जिला अध्यक्ष अजीत फौजी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन जिला मंत्री संदीप पान्नू ने किया। बैठक में संगठन के राज्य अध्यक्ष चांदराम चहल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में 27-28 अप्रैल को हिसार में होने वाली भारतीय मजदूर संघ की राज्य कार्यसमिति की बैठक को लेकर तथा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिला प्रधान अजीत फौजी ने बताया कि बैठक में कार्यसमिति की बैठक को लेकर पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई। बैठक में सभी शाखाओं के पदाधिकारियों ने राज्य कार्यसमिति की बैठक में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। बैठक में राज्य कार्यकारिणी सदस्य अमित बूरा, सत्यवान बधाना, अनिल राजली, उदयभान ठसका व सुशील शर्मा आदि भी उपस्थित रहे।

# भाजपा उम्मीदवार ने किया हांसी क्षेत्र का दौरा

*नरेन्द्र मोदी ही देश को विकसित राष्ट्र बनाने में समक्ष : रणजीत सिंह*




-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 23 अप्रैल :** हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सक्षम है। उन्होंने जनता के समक्ष देश को विकसित बनाने का जो प्रारूप रखा है, उसे हम सबको मिलकर पूरा करना है। रणजीत सिंह गत सोमवार को हांसी विधानसभा क्षेत्र के गांवों में प्रचार अभियान चलाकर वोटों की अपील कर रहे थे। कुंभा में ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सराकर ने पिछले 10 वर्षों के दौरान जो कार्य किए हैं, वे ऐतिहासिक है। डबल इंजन की सरकार होने का यही फायदा है कि केन्द्र से मिली ग्रांट का सही उपयोग हो और जनता के खून पसीने की कमाई का पैसा सही जगह पर लगे। भाजपा सरकार ने इसी सोच के साथ देश व प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखी है। कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए हांसी विधायक विनोद भ्याणा ने कहा कि सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र पर चलते हुए भाजपा ने देश व प्रदेश में जितने विकास कार्य करवाएं हैं वो एक उदाहरण है। इसके अलावा हर वर्ग के कल्याण के लिए कल्याणकारी नीतियां लागू की, जिनका इन वर्गों को फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हांसी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार की भारी मतों से जीत होगी। भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि पार्टी उम्मीदवार रणजीत सिंह सोमवार को हांसी विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों का दौरा किया। इनमें मुख्य रूप से हांसी सब्जी मंडी, कुंभा, खरकड़ी व गढ़ी सहित शहर के कई क्षेत्र शामिल हैं। हर जगह उन्हें पूरा समर्थन मिला। इस दौरान उनके साथ जिला महामंत्री अशोक सैनी व धर्मवीर रतेरिया सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव समिति के अध्यक्ष एवं सांसद सुभाष बराला ने हिसार लोकसभा के शक्ति केंद्र प्रमुखों की ली बैठक

**एक बार फिर मोदी सरकार के नारे को फलीभूत करने के लिए काम करें कार्यकर्ता : सुभाष बराला**



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 23 अप्रैल :** लोकसभा चुनाव समिति के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कार्यकर्ताओं से कहा है कि एक बार फिर मोदी सरकार के नारे को फलीभूत करते हुए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाएं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि एक-एक व्यक्ति तक पहुंचे और मोदी तथा नायब सरकार की गरीब कल्याण की योजनाएं बताकर लोगों को पार्टी से जोड़ें। सुभाष बराला सोमवार को लोकसभा चुनाव बारे जिला पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक ले रहे थे। बैठक में लोकसभा हिसार के शक्ति केंद्र प्रमुख शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर शक्ति केंद्र प्रमुखों से विस्तार से चर्चा की। सुभाष बराला ने कहा कि संगठन के हर कार्यकर्ता के साथ संवाद करना बहुत जरूरी है। उन्होंने संवाद को ही जीत का मंत्र बताते हुए कहा कि संवाद से न केवल संगठन मजबूत रहता है, बल्कि चुनाव जीतना भी आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में माहौल भाजपा के पक्ष में है, इसलिए गांव-गांव तक पहुंचकर मोदी और नायब सरकार की नीतियों को जन-जन को बताएं और उन्हें पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। सुभाष बराला ने कहा कि सभी को अपने-अपने बूथ को और अधिक मजबूत करना है। बूथ पर वोट प्रबंधन अच्छा है तो आप बूथ जीतेंगे। उन्होंने कहा कि त्रिदेव के साथ पन्ना प्रमुख और बूथ समिति से सक्रिय संवाद करें। उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र प्रमुख के मजबूत होने के कारण भाजपा ने चुनाव जीते और केंद्र व प्रदेश में सरकारें बनाई हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के 10 सालों के शासनकाल में लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए हैं। आयुष्मान और चिरायु कार्ड ने गरीबों को बीमारी की टेंशन से मुक्त किया है। डबल इंजन सरकार में 24 घंटे लोगों को बिजली मिल रही है। उन्होंने कहा कि 10 सालों में मोदी सरकार ने हर घर नल से जल और उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर देकर महिलाओं के जीवन को सरल बनाने का काम किया है। गरीब कल्याण की योजनाओं की शत प्रतिशत राशि लाभार्थियों को मिल रही है। पीएम आवास योजना के तहत गरीबों को पक्के मकान मिल रहे हैं। भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि इस मौके पर जिला अध्यक्ष आशा खेदड़, हिसार लोकसभा प्रभारी अमरपाल राणा, रवि सैनी, पूर्व मेयर गौतम सरदाना, जिला महामंत्री अशोक सैनी, आशीष जोशी आदि उपस्थित रहे।

# अनाज मंडी सरकारी स्कूल को बचाने के पक्ष में आए जनसंगठन, अतिरिक्त उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 23 अप्रैल :** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला कमेटी ने अन्य जन संगठनों के साथ मिलकर अनाज मंडी हिसार के सरकारी स्कूल में चल रहे विवाद को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त से मुलाकात की और स्कूल की पूर्व स्थिति बनाए रखने, मिड डे मील का कमरा व शौचालयों को खुलवाने, इस मामले की जांच के लिए जांच कमेटी गठित करने, स्कूल में शैक्षणिक वातावरण की बहाली व स्टाफ की सुरक्षा को लेकर आवश्यक कदम उठाने की मांग के लेकर ज्ञापन सौंपा। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने अगले दो-तीन दिन में प्रशासन से बात कर शौचालयों व मिड डे मील बनाने के कमरे को खुलवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के राज्य प्रधान धर्मेंद्र ढांडा ने बताया कि अनाज मंडी में पिछले 40-45 सालों से चल रहे सरकारी स्कूल को अनाधिकृत मंदिर समिति व्यावसायिक प्रयोग के लिए वहां से हटाना चाहती है। उन्होंने बताया कि स्कूल में कार्यरत स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार, गाली गलौज, हाथापाई तक की गई, जिसे हिसार के जनसंगठन सहन नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि अतिरिक्त उपायुक्त ने शीघ्र ही मिड डे मील खाने को बनाने के कमरे और स्टाफ व बच्चों के लिए शौचालय नहीं खुलवाए तो मजबूरन जन संगठनों को आंदोलन का मार्ग अपनाना पड़ेगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस प्रतिनिधिमंडल ने रिटायर्ड कर्मचारी संघ, जनवादी महिला समिति, सर्व कर्मचारी संघ, हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति, सीटू, डी.वाई.एफ.आई., एस.एफ.आई., संयुक्त किसान मोर्चा, जनवादी मोर्चा व नागरिक मंच आदि जन संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए।

# भगवान महावीर के बताए पंचमहाव्रत पर आधारित ध्यान शिविर में साधकों ने सीखी ध्यान की विधियां



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 23 अप्रैल :** अहिंसा, अपरिग्रह, अचौर्य, अकाम व अप्रमाद पर केंद्रित महावीर जयंती ध्यान शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधकों ने हिस्सा लिया। सिरसा रोड पर स्थित ओशो ध्यान उपवन में यह ध्यान शिविर तीन सत्रों में आयोजित किया गया। ओशो ध्यान उपवन में स्थापित भगवान महावीर के मंदिर में पहुंचकर साधकों ने नमन किया और नमोकार मंत्र को श्रवण किया। इसके उपरांत ध्यान शिविर के प्रथम सत्र की शुरूआत हुई। ध्यान शिविर के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि पहला सत्र अप्रमाद पर आधारित रहा। यहां अप्रमाद से तात्पर्य होश की यात्रा से है। भीतर हमारी जो जीवन चेतना है, वह पूरी तरह जागृत हो। हम जीवन में होशपूर्ण व्यवहार करें। इस दौरान साधकों को सक्रिय ध्यान का अभ्यास करवाया गया। स्वामी संजय ने बताया कि प्राकृतिक वातावरण में स्थापित ओशो ध्यान उपवन पूरी तरह साधकों के हितों के प्रति समर्पित है। यहां पर समय-समय पर ध्यान सत्र व ध्यान शिविरों का आयोजन किया जाता है। इन शिविरों में हिस्सा लेकर साधक तनाव व अवसाद मुक्ति के उपाय समझ सकते हैं।

## नारायणी वेल्फेयर सोसाइटी ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 23 अप्रैल :** नारायणी वेल्फेयर सोसाइटी द्वारा एम सी कॉलोनी स्थित शिव मन्दिर मे निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया तथा जुरूरतमंद लोगों को दवाइयां दी गयी। केसरी हस्पताल से डॉ अमित वर्मा, डॉ निशांत बंसल व डॉ निरव जैन ने लगभग 250 मरीजो की स्वास्थ्य जाँच की और कहा कि इन मरीजों को हस्पताल मे भी जाँच कराने पर विशेष छूट दी जायेगी। समाजसेवी सुमन बत्रा व् मीनाक्षी तायल ने बतौर विशिष्ट् अतिथि शिरकत की और स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन की बधाई दी। संस्था अध्यक्ष गुंजन गोयल ने बताया कि इस जाँच शिविर मे लगभग दो सौ पचास मरीजों ने स्वास्थ्य जाँच का लाभ उठाया और बताया संस्था समय समय पर इस तरह के शिविर लगाती रहती है जिससे आमजन लाभांवित हो। मन्दिर कमेटी प्रधान राम अवतार अग्रवाल ने संस्था के कार्यो की सराहना की और भविष्य मे भी समाज हित के कार्यो मे संस्था का साथ देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर नारायणी संस्था से उषा शर्मा, श्रेया गोयल, मिताली गोयल, कांता शर्मा, कमल भाटिया, दीपाली गर्ग, रेणु जिंदल, मोनिका वर्मा, शालू, मीना गर्ग, परवीन, कृत्तिका, सीमा कश्यप, नीतू खुराना का शिविर को सफल बनाने मे विशेष सहयोग रहा।

## सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया पृथ्वी दिवस



**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 23 अप्रैल :** सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल में 'पृथ्वी दिवस' बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर भाषण, कविता पाठ, नृत्य एवं अन्य गतिविधियों से वसुंधरा को हरा भरा रखने का संदेश दिया गया। कक्षा नर्सरी से यू.के.जी. कक्षाओं कक्षाओं के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से वातावरण को प्रदूषण रहित रखने का संदेश दिया गया व विषैले पदार्थों से हो रही हानि से उनको अवगत कराया गया व पौधारोपण करवा कर उनकी देखभाल करने के लिए सीख दी गई। प्लास्टिक से हो रहे दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए विद्यार्थियों को अन्य विकल्पों को प्रयोग में लाने के लिए प्रेरित किया गया। कक्षा छः से बारहवीं तक की कक्षाओं में इस दिवस को मनाने के लिए लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विदयालय प्रांगण में विदयार्थियों को पृथ्वी को बचाने व हरा भरा रखने के लिए शपथ दिलवाई गई। मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अजय सिंह वह प्रधानाचार्या श्रीमती पुष्पा सिहाग ने भी बच्चों को 'हरित वसुंधरा' के लिए प्रेरित किया।

## पर्यावरण के लिए बचाव : सेंट सोफिया स्कूल के बच्चे कर रहे महत्वपूर्ण योगदान




**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 23 अप्रैल :** सेक्टर 15, सेंट सोफिया स्कूल में अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को जागरूक करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने प्लास्टिक के खिलाफ एक मुहिम चलाई, जिसमें उन्होंने प्लास्टिक के उपयोग को नकारा और पर्यावरण में साजगर्दी के लिए संकल्प लिया। छात्रों ने नृत्य, स्लोगन, कोलाज और पोस्टरों के माध्यम से अपना संदेश पहुंचाया और सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। वे न केवल खुद पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं, बल्कि अपनी समाज में भी इसे फैला रहे हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या ने नर्सरी से दूसरी कक्षा के बच्चों से पौधारोपण करवायाऔर उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

## यूवर्स रोज वैली प्ले स्कूल में पृथ्वी दिवस पर अनेक प्रतियोगिताएं



**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 23 अप्रैल :** जवाहर नगर स्थित यूवर्स रोज वैली प्ले स्कूल में पृथ्वी दिवस पर विशेष कार्यक्रम किए गए। छोटे बच्चों ने जहां रंग भरो प्रतियोगिता में भाग लिया वहीं बड़े बच्चों को कविता व स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला। एक विशेष नाटक के तहत यह बताने की कोशिश की गई कि जिस तरह हम पृथ्वी से खिलवाड़ कर रहे हैं, उसका परिणाम हमारा बदलता पर्यावरण है। दुबई में आई बाढ़ इस जलवायु परिवर्तन का कारण है। स्कूल के प्राचार्य सुनील कक्कड़ ने बच्चों को अपने आसपास पौधे लगाने, स्वच्छ अभियान चलाने व कपड़े का थैला प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

# अग्रोहा धाम में हुआ अग्रवाल समाज का महिला राष्ट्रीय सम्मेलन

## *महिलाओं ने घर गृहस्थी के साथ-साथ व्यापार व उद्योग जगत में अपनी अलग पहचान बनाई है : बजरंग गर्ग*



**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 23 अप्रैल :** अग्रवाल समाज का महिला राष्ट्रीय सम्मेलन अग्रोहा धाम में हुआ। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती मृदुला अग्रवाल व अति विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल महासम्मेलन के अध्यक्ष सतीश अग्रवाल थे। इस अवसर पर देश भर से महिला व अग्रोहा धाम के पदाधिकारियों ने भारी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश व प्रदेश में हर कामयाब पुरुष के पीछे महिला का हाथ है। महिला माता, बहन व बेटी भी है। महिला दो परिवारों की लाज होती है। महिलाएं अपने मायके व ससुराल दोनों परिवारों का मान सम्मान बढ़ती है। आज के युग में महिलाएं घर गृहस्ती के साथ-साथ व्यापार व उद्योग जगत में भी अपनी अलग पहचान बनाई हैं। काफी महिलाओं ने व्यापार व उद्योग के साथ-साथ खेल जगत में भी भारत देश का नाम विश्व स्तर पर चमकने का काम किया है। आज देश व प्रदेश में महिलाएं आईएएस, आईपीएस बनकर देश व प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे रही है। यहां तक की महिलाएं शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में जनता की सेवा में लगी हुई है जबकि महिलाओं को सामाजिक व धार्मिक कार्यों के साथ-साथ राजनीति में भी अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम महिला व युवा ईकाई का राष्ट्रीय स्तर पर पूर्ण गठन एक महीने के अंदर-अंदर किया जाएगा। अग्रोहा धाम महिला व युवाओं को आगे बढ़ने का काम करेगी। महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मृदुला अग्रवाल ने कहा कि पूरे देश में महिलाओं को आगे लाने के लिए काम किया जाएगा। अग्रोहा धाम के साथ देश की सभी महिलाओं को जोड़ा जाएगा। अग्रवाल महासभा के प्रधान सतीश अग्रवाल ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और समाज की तरफ से अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सतीश अग्रवाल व प्रशांत अग्रवाल मध्य प्रदेश, हरि ओम गर्ग व रामेश्वर दास गर्ग दिल्ली, चंद अग्रवाल व रेखा अग्रवाल यूपी, सविता अग्रवाल व किरण अग्रवाल उड़ीसा, मोनिका अग्रवाल व किरण अग्रवाल छत्तीसगढ़, सुनीता बंसल व सुमित्रा अग्रवाल राजस्थान, सचिन अग्रवाल मुंबई, अशोक अग्रवाल गुजरात, विजेंद्र कुमार जैन कोलकाता, कांता गोयल पंजाब, डॉक्टर पूजा बंसल, नेहा मित्तल व सुरेंद्र मित्तल हरियाणा आदि भारी संख्या में समाज के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# पृथ्वी को प्रदूषण रहित रखना हम सभी का कर्तव्य : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## हकृवि में विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 23 अप्रैल :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में भू- दृश्य संरचना इकाई द्वारा संपदा कार्यालय के सामने विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम में पौधारोपण करके विश्व पृथ्वी दिवस पर सभी को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है, पहली बार 22 अप्रैल 1970 को विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया था। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का थीम 'प्लेनेट बनाम प्लास्टिक' है। जिसका मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण से प्रकृति को होने वाले नुकसान के बारे में सचेत करना है। एक अनुमान के मुताबिक 90 प्रतिशत प्लास्टिक रिसाइकिल नहीं हो पाता है जो पर्यावरण के लिए घातक है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरण में असंतुलन बढ़ रहा है जिसकी वजह से स्थिति दयनीय होती जा रही है। उन्होंने कहा कि पृथ्वी को प्रदुषण रहित रखना हम सभी का कर्तव्य है। ऐसे में हमें पृथ्वी के प्रति अपने कर्तव्यों को समझना पड़ेगा और इसे बेहतर बनाने में योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि लगातार वृक्षों की कटाई, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, रासायनिक खाद व कीटनाशकों का अत्याधिक प्रयोग व प्लास्टिक के प्रयोग से हमारी धरती का स्वरूप एवं पर्यावरण दूषित होता जा रहा है। ऐसे में इसे बचाए रखने के लिए समाज को अहम कदम उठाते हुए सामूहिक प्रयासों की जरूरत है।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पौधारोपण करना बहुत जरूरी है। पृथ्वी को स्वस्थ व पहले की तरह बनाने के लिए हम सभी का कर्तव्य है कि अपनी धरती को हरा-भरा और बेहतर बनाने का संकल्प लेना पड़ेगा ताकि संसार के सभी पेड़-पौधों पशु-पक्षियों एवं जंतुओं की जैव विविधता का संरक्षण किया जा सके।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के भू- दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम के तहत जकरंदा के 200 पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और पौधारोपण भी किया।


## हकृवि में मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण 24 अप्रैल से शुरू

**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 23 अप्रैल :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान द्वारा 24 अप्रैल से मधुमक्खी पालन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। उक्त संस्थान के सह निदेशक (प्रशिक्षण) डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण में बेरोजगार युवक एवं किसान भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को मधुमक्खी पालन व्यवसाय से जुड़ी सभी जानकारियां विस्तार से दी जाएंगी। प्रशिक्षण के संयोजक एवं सहायक निदेशक (कीट विज्ञान) डॉ. भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्ति 24 अप्रैल को प्रातः 9 बजे उपरोक्त संस्थान में अपना पंजीकरण करवा कर प्रशिक्षण में भाग ले सकते है। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आधार कार्ड तथा एक पासपोर्ट साइज़ फोटो अवश्य लेकर आए।

# जनकल्याण के निमित आयोजित किए गए हवन व संगीतमयी सुंदरकांड पाठ में विभिन्न क्षेत्रों से उमड़े श्रद्धालु

## *हवन व संगीतमयी सुंदरकांड पाठ में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा : सुरेंद्र जांगड़ा*



**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 23 अप्रैल :** जनकल्याण के निमित आयोजित किए गए हवन व संगीतमयी सुंदरकांड पाठ में श्रद्धालुओं का कोई पारावार नहीं रहा। एरेन्स गोल्डसक प्रोजेक्ट्स एवं श्री प्रभुभक्त संकीर्तन मंडल के संयुक्त तत्वावधान में हिसार के सेक्टर-25 स्थित कनॉट प्लेस में यह आयोजन किया गया। संगीतमयी सुंदरकांड पाठ के आयोजक समाजसेवी सुरेंद्र जांगड़ा भगाणा ने बताया कि सुख, शांति, स्वास्थ्य व समृद्धि की मंगलकामना के साथ हवन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके उपरांत अर्चक माधव त्रिपाठी, भजन गायक कृष्ण बोस व बाबा की परी ने भजनों के माध्यम से वीर हनुमान, प्रभु श्रीराम एवं अन्य देवी-देवताओं का गुणगान किया। सुंदरकांड पाठ के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने सात्विक भोजन प्रसाद ग्रहण किया। सुरेंद्र जांगड़ा ने बताया कि सुंदरकांड पाठ में शिरकत करना शुभ फलदायी होता है। हनुमानजी प्रसन्न होते हैं और उनकी कृपा बहुत जल्दी प्राप्त होती है। आत्मविश्वास बढ़ता है और परमार्थ के कार्य करने की क्षमता बढ़ती है। इसलिए भक्तों ने पूरी निष्ठा व श्रद्धा से सुंदरकांड पाठ में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर श्री प्रभुभक्त संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष दीपक कुमार गुरुजी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इनके साथ ही नरेंद्र जांगड़ा, पंकज कुमार, बृजेश कुमार पाहुजा, टोनी जांगड़ा, सतीश कुमार, अनिल पूनिया, एडवोकेट राकेश सिंधू, रविंद्र दलाल, जांगिड़ समाज के पूर्व जिला प्रधान रामतीर्थ सुथार, कैप्टन रमेश जांगड़ा, वेदप्रकाश, विजय घिराइया, शमशेर सिंह पनिहार, रजत सैनी, गौरव शर्मा, विकास हुड्डा, संजय धमीजा, राजेश सुंडा व कपिल वत्स सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## टूट गए सम्बन्ध....

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

रिश्तों के सच जानकर, सब संशय हैं शांत।
खुद से खुद की बात से, मिला आज एकांत।।

वक्त कराये है सदा, सब रिश्तों का बोध।
पर्दा उठता झूठ का, होता सच पर शोध।।

'सौरभ' डीश्रसीश्र रेट से, रिश्तों के अनुबंध।
मतलब पूरा जो हुआ, टूट गए सम्बन्ध।।

थोड़ा-सा जो कद बढ़ा, भूल गए वो जात।
झुग्गी कहती महल से, तेरी क्या औकात।।

बिगड़ गये हैं स्वर सभी, कौन सुनाये राग।
चंदन भी अकुला गया, देख जड़ों में नाग।।



आँखों का पानी मरा, भरा मनों में पाप।
प्रेम भाव गायब हुए, अपनापा अभिशाप।।

स्नेह भरे मोती नहीं, खाली मन की सीप।
सूख गई हैं बातियाँ, जले नहीं अब दीप।।

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

# आर्ट ऑफ लिविंग की वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित श्वसन तकनीक सुदर्शन क्रिया का साप्ताहिक फ़ॉलोअप का आयोजन रविवार को किया गया : नीरज गुप्ता



**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 23 अप्रैल :** आर्ट ऑफ लिविंग की हिसार इकाई द्वारा परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी की पवित्र वाणी में वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित श्वसन तकनीक दिव्य-सुदर्शन क्रिया का साप्ताहिक फ़ॉलोअप का आयोजन किया गया। आज का सत्र दो स्थान - भारत माता मंदिर एवं आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस सेंटर मे आयोजित किया गया जिसका संचालन स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता एवं डॉ उमेश आर्य ने किया। फ़ॉलोअप के पश्चात् भारत माता मंदिर में नीरज गुप्ता ने गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य पर पृथ्वी के संरक्षण का सभी को संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि गुरुदेव कहते है कि हमारा शरीर पृथ्वी, अग्नि, जल, वायु और आकाश इन पञ्चभूतों से बना है। पंचभूतों में प्रथम स्थान पृथ्वी तत्व का है। संस्कृत में संपूर्ण विश्व को प्रपंच कहा जाता है। यह संपूर्ण संसार कुछ इस तरह से बना है कि ईश्वर, पृथ्वी तत्व में सर्वाधिक प्रधानता से उपस्थित हैं। पर्यावरण हमारा पहला शरीर है जहाँ से हमें अन्न मिलता है। हमारी पाँचों इन्द्रियों का भोजन हमें हमारे वातावरण से मिलता है। हमारा पूरा जीवन भोजन, स्वच्छ जल, शुद्ध हवा और अग्नि पर निर्भर है। ये सभी हमें पृथ्वी तत्व, जल तत्व, वायु तत्व और अग्नि तत्व से मिलता है। ये सभी चार तत्व आकाश तत्व में रहते हैं। इसलिए हमें इन पांचों भूतों को सम्मान करना चाहिए और इन्हें शुद्ध रखना चाहिए। तभी हम जीवन में सुखी रह सकते हैं और तभी यह दुनिया टिक सकती है।

# अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह के मद्देनजर जिले में रखी जाएगी व्यापक निगरानी

**उपायुक्त ने अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों की बैठक ली**



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 23 अप्रैल :** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह के मद्देनजर व्यापक निगरानी रखने की हिदायत दी है। साथ ही पंडित/मौलवी, मैरिज होम संचालक, कैटरिंग व्यवसायी, हलवाई व शादी के समय विभिन्न व्यवस्थाओं/कार्यों से जुड़े व्यवसायियों से भी कहा गया है कि वे बाल विवाह की सूचनाओं को प्रशासन के साथ सांझा करें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के मामलों में परिजनों के अलावा मेहमानों और व्यवस्था करने वाले व्यवसायियों पर भी जुर्माने और सजा का प्रावधान है। सोमवार को इस संबंध में सरकारी विभागों और समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि अक्षय तृतीया पर बड़ी संख्या में शादी समारोह होते हैं। इस दौरान बाल विवाह के संभावनाएं भी रहती हैं। इसे रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112 या जिला प्रशासन को बाल विवाह के संबंध में सूचना दे सकता है। बाल विवाह के मामले में बालिग पुरुष, परिजन समेत पंडित/मौलवी, मैरिज होम, कैटरिंग, हलवाई, बराती व अन्य दोषी गणों को दो वर्ष तक के सश्रम कारावास और एक लाख रुपये तक के जुर्माना का प्रावधान है। उन्होंने अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकने के लिए ग्रामीण आजीविका मिशन, श्रम आयुक्त, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, बाल कल्याण, जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी के अलावा सभी थानाध्यक्षों को व्यापक प्रबंध करने के निर्देश जारी किए गए हैं। बाल विवाह जैसी कुप्रथा के विरुद्ध बाल विवाह निषेध अधिनियम व द प्रोहिबिशन ऑफ चाइल्ड मैरिज एक्ट तथा अन्य कई प्रावधान अस्तित्व में है। बैठक में उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि जिले में गत एक वर्ष के समय के दौरान बाल विवाह से संबंधित 10 शादियां रूकवाई गई हैं। बाल विवाह निषेध को लेकर चलाए गए जागरूकता अभियान के तहत अभी तक 68 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त पंच, सरपंच, आंगनवाड़ी वर्कर, पुजारियों, नंबरदार इत्यादि से भी यह अपील की गई है कि वे बाल विवाह के मामलों में व्यापक निगरानी रखें। बैठक के दौरान मलिक टेंट हाउस से जितेंद्र मलिक व होशियार खान तथा अन्य गणमान्य लोगों ने अपने सुझाव रखे।

# छोटे उद्योगों से सृजनशीलता और उद्यमिता का विकास होता है : डॉ. रमेश आर्य



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 23 अप्रैल :** आज राजकीय महिला महाविद्यालय में सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों से जुड़े विभिन्न विषयों से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें भारत सरकार के उद्योग व वाणिज्य विभाग के सेवा निर्वित संयुक्त निदेशक श्री राम सिंह जी मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुए। कार्यकर्म की शुरुआत में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी शाईना तहरिया ने अतिथियों का स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रमेश आर्य ने कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए अपने स्वागत संदेश में बताया कि दुनिया में पाये जाने वाले बड़े-बड़े व्यवसायिओं ने छोटे पैमाने से अपना व्यवसाय शुरू किया था और मेहनत व जानकारी के बल पर बाद में अपने बड़े साम्राज्य स्थापित किए। डॉक्टर आर्य ने कहा कि भारतवर्ष की अर्थव्यवस्था को मज़बूत बनाने के साथ-साथ विदेशों से आयात होने वाली वस्तुओं पर निर्भरता को कम करने में छोटे तथा मध्यम उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। छोटे उद्योग लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं। छोटे तथा मध्यम उद्योगों से नवाचार और प्रौद्योगिकी, वित्तीय स्वायत्तता, सृजनशीलता और उद्यमिता का विकास होता है और हम नए उत्पादों के निर्माण में सक्रिय रूप से योगदान कर सकते हैं, जिससे नए बाजारों का सृजन होता है और परिणाम स्वरूप देस के विकास तथा स्थानीय विकास के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योगों का समुचित विकास एवं समर्थन लोकल और ग्लोबल अर्थव्यवस्थाओं के विकास में महत्वपूर्ण योगदान कर सकता है। मुख्य वक्ता श्री राम कुमार ने छात्राओं को हरियाणा के औद्योगिक ढाँचे के बारे में जानकारी दी व भारत सरकार द्वारा औद्योगिक विकास के लिए दी जाने वाली अनेक प्रकार की सहायताओं के बारे में बताया। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नौकरी लेने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनने का सपना देखना चाहिए ताकि देश को विकास की राह पर आगे बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर डॉ नीलम दाहिया तथा अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# गोल्ड का मंगलसूत्र लौटा कर ईमानदारी की मिसाल को कायम किया

**चारों धाम पार्क सोसायटी सदस्यों ने दिया ईमानदारी का परिचय**



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 23 अप्रैल :** 'गोल्ड का मंगलसूत्र लौटा कर ईमानदारी की मिसाल को कायम रखा वह ईमानदारी का परिचय देकर ईमानदारी को जिंदा रखा'। गत दिवस आठ मरला कालोनी पटेल नगर निवासी ज्ञान देवी मजोका प्रतिदिन की तरह आठ मरला कॉलोनी में स्थित चारों धाम पार्क में सैर करने आई। गलतीवश उनका गोल्ड का मंगलसूत्र जो उन्होंने पहन रखा था व पार्क में कहीं गिर गया जिसका उन्हें पता नहीं चला, काफी समय बाद उन्हें अहसास हुआ कि उनका मंगलसूत्र नहीं है, उन्होंने अपने सत्र पर खूब ढूंढा। इधर व मंगलसूत्र पटेल नगर आठ मरला कालोनी निवासी शिल्पा अरोड़ा जो पार्क में सैर करने आई हुई थी उन्हें मिला, शिल्पा अरोड़ा ने व मंगलसूत्र चारों धाम पार्क सोसायटी के सदस्य जितेंद्र पोपली के माध्यम सोसायटी प्रधान चन्द्र भान गांधी को दिया कि कोई पूछे तो उसे देना है। प्रधान चन्द्र भान गांधी ने पार्क में सैर करने वालो से हार के बारे पूछताछ की,पता चलने पर पहचान पूछ कर हार की मालकिन ज्ञान देवी मजोका को सोसाइटी सदस्यों के बीच हार लौटा कर ईमानदारी की मिसाल को कायम किया। इस अवसर पर ज्ञान देवी मजोका ने सोसायटी सदस्यों व शिल्पा अरोड़ा की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद किया। इस मौके पर ईश आर्य, प्रदेश प्रभारी पतंजलि योग, अशोक लूथरा, गोपाल दास मनचंदा, अजय पिंकी खन्ना, सरदार हरमिंदर सिंह सूबेदार, सरदार कुलदीप सिंह गावड़ी, शिल्पा अरोड़ा के अतिरिक्त कालोनी वासी उपस्थित रहे।

# मां बनभौरी मंदिर में विश्व शांति हेतु हवन-यज्ञ का आयोजन



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 23 अप्रैल :** निकटवर्ती गांव बनभौरी, बरवाला में स्थित मां बनभौरी मंदिर में चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर बनभौरी धाम में पुजारी परिवार द्वारा विश्व शांति के लिए यज्ञ का आयोजन किया गया। पुजारी परिवार ने मां भ्रामरी देवी से प्रार्थना की कि उनके दर पर आने वाले समस्त श्रद्धालुओं की मनोकामना मां पूर्ण करें और उनको सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करें और विश्व में शांति स्थापित करें। इस मौके पर पुजारी सतवीर कौशिक, श्यामलाल कौशिक, रामनिवास कौशिक, शिवकुमार कौशिक, सुरेश कौशिक, राजेश कौशिक, सुशील कौशिक, पुलकित, अमन, यज्ञ आचार्य शोरन पंडित, संजय पंडित, सागर पंडित, आशीष पंडित सहित दर्जनों ब्राह्मणों ने विश्व शांति एवं मनोकामना सिद्धि के लिए मां भ्रामरी देवी का आह्वान किया। पुजारी सतबीर कौशिक ने बताया कि हवन से हमारे देवी-देवता प्रसन्न होते हैं और वे अपनी अनुकंपा इस जगत पर करते हैं। वहीं हवन से नकारात्मक ऊर्जा दूर होकर हर तरह सकारात्मक वातारण हो जाता है। इसलिए प्राचीन समय से चली आ रही हमारी हवन-यज्ञ की परंपरा पर चलते हुए हवन-यज्ञ अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर मां भ्रामरी देवी की पुजारीन रोशनी देवी सहित अन्य भक्तगण, सेवादार व श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अग्रोहा धाम में हनुमान जयंती पर भव्य भजन समारोह, छप्पन भोग व भंडारे का आयोजन



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 23 अप्रैल :** अग्रोहा धाम में हनुमान जयंती पर भव्य भजन समारोह, छप्पन भोग व भंडारे का कार्यक्रम आयोजन किया। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने परिवार सहित भाग लिया। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने मंदिर में पूजा करने के उपरांत उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा श्री हनुमान जी कलयुग में सबसे प्रभावशाली देवता माने जाते हैं। बाबा हनुमान जी श्री भगवान रामचंद्र जी के परम भक्त है। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर अग्रोहा धाम निर्माण समिति के संयोजक ऋषिराज गर्ग, प्रमुख समाजसेवी विवेक गोयल, साहिल गोयल, युवा राष्ट्रीय संयोजक अनंत अग्रवाल, कपिल अग्रवाल गुजरात, रमेश बंसल दिल्ली, सुरेश गुप्ता पंजाब, सत्यपाल अग्रवाल, आनंद गोयल, अजय सिंगला, सीए आशीष सिंगला, राजेंद्र बंसल, निरंजन गोयल, राजेंद्र अग्रवाल, महेश अग्रवाल मथुरा, प्रवीण बंसल, रवि सिंगला, राजेंद्र अग्रवाल आदि प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।

# सीडीएस इंटरनेशनल स्कूल में पोस्टर, भाषण व रंग भरो प्रतियोगिता से दिया पृथ्वी बचाने का संदेश



पाठकपक्ष न्यूज

**हांसी, 23 अप्रैल :** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर मुंढाल के सीडीएस इंटरनेशनल स्कूल में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें छात्र-छात्राओं ने भाषण, पोस्टर एवं रंग भरो सहित विभिन्न विधाओं से पृथ्वी को बचाने व हरा - भरा रखने का संदेश दिया इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता दो स्तरों पर आयोजित की गई। छठी से आठवीं कक्षा वर्ग में आरजू, मन्नू पारुल, मोहित एवं मानवी ने क्रमशः पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा और पांचवा स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं से 12वीं वर्ग में लक्की, नवीन, हर्षिता ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। मानसी ने चौथा और अदिति ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता तीन स्तरों पर आयोजित की गई। कक्षा चौथी व पांचवी वर्ग में गुंजन व विवान ने प्रथम, कनिका ने दूसरा, तविश ने तीसरा, राधा व युक्ता ने चौथा व सिद्धार्थ ने पाँचवा स्थान प्राप्त किया। छठी से आठवीं कक्षा वर्ग में ओजस ने प्रथम, दीपांशु - आराधना ने द्वितीय, मन्नू ने तृतीय, एंजल ने चौथा व सोनाली, अर्जुन और अंश स्थान पर रहे। नौवीं से बारहवीं वर्ग में शान ने पहला, वेदिका ढुल ने दूसरा, मधु ने तीसरा, ईशु ने चौथा और मुस्कान व कीर्ति ने पांचवां स्थान हासिल किया। नर्सरी से तीसरी कक्षा तक के सभी विद्यार्थियों ने रंग भरो प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी रचनात्मकता एवं खुशी को जाहिर करते हुए प्लास्टिक का इस्तेमाल न करके पर्यावरण संरक्षण करने का संदेश दिया। निर्णायक मंडल में अमन, शर्मिला, आस्था, विनीत, सुनील, रविंद्र, संतोष व सुशीला ने अपनी-अपनी भूमिका का पक्षपात रहित निर्वहन किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती प्रवेश ढुल के अनुसार इन गतिविधियों को संचालित करवाने का उद्देश्य विद्यार्थियों में जागरूकता पैदा करना है ताकि वे पृथ्वी को बचाने के लिए अपना योगदान दें। मैनेजिंग डायरेक्टर श्री जितेंद्र मान, एकेडमिक हैड ललित पूनिया, कोऑर्डिनेटर सुशीला, एक्टिविटी इंचार्ज ज्योति आनंद ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों की मौजूदगी में भू संरक्षण का संकल्प लिया।

# श्री आद्य शक्ति पीठ में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 23 अप्रैल :** मॉडल टाऊन स्थित श्री आद्य शक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में हनुमान जयंती धूमधाम व श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने मंदिरों में माथा टेका व हनुमान जी का गुणगान किया। मंदिर कमेटी प्रवक्ता रमेश चुघ ने बताया कि हनुमान जयंती पर बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। आश्रम के पंडित आनंद वल्लभ सत्ती द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। इस दौरान श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर संतोषी माता ने भी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर आरपी गुप्ता, अशोक बंसल, राकेश नारंग, सुभाष बंसल व रमेश चुघ आदि भी उपस्थित रहे।

# कृषि एवं कल्याण विभाग के स्पेशल सेक्रेट्री डॉ. मनीष नागपाल दर्शना देवी के निधन पर शोक व्यक्त



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 23 अप्रैल :** कृषि एवं कल्याण विभाग के स्पेशल सेक्रेट्री डॉ. मनीष नागपाल ने सोमवार को रिटायर्ड डीआईपीआरओ विरेन्द्र वर्मा की माता दर्शना देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया। डॉ. मनीष नागपाल ने वर्मा के निवास स्थान पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने दर्शना देवी की चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर किए। डॉ. मनीष नागपाल ने कहा कि स्वर्गीय श्रीमती दर्शना देवी धार्मिक प्रवृत्ति की होने के साथ-साथ मृदु भाषी एवं मिलनसार थी। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें व अपने चरणों में स्थान दें।आज पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष सतबीर वर्मा पूर्व पार्षद उदयवीर मिंटू, पूर्व आबकारी एवं कराधान अधिकारी अमी लाल पवार, डीआईपीआरओ सिरसा संजय बिड़लान, लेखाकार मक्खन सिंह, आईसीए कृष्ण कुमार, एडवोकेट मुकेश सैनी, एडवोकेट हरपाल सिंह, एडवोकेट अरविंद व अनेक गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर शोक प्रकट किया।

# आईडी डीएवी पब्लिक स्कूल (सीनियर सेकेंडरी) के छात्रों ने पृथ्वी को संरक्षित व संवर्धित रखने का लिया प्रण




पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 23 अप्रैल :** डाबड़ा रोड स्थित आई.डी.डी.ए.वी. पब्लिक(सीनियर सेकेंडरी) स्कूल हिसार के प्रांगण में डी.ए.वी. एच.आर. ज़ोन-ई की क्षेत्रीय सहायक अधिकारी श्रीमती सुनीता बहल के मार्गदर्शन में वसुंधरा को सुंदर तथा प्रदूषण रहित बनाने हेतु 'पृथ्वी दिवस' पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का प्रण लिया। प्रत्येक वर्ष पृथ्वी दिवस का एक केंद्रीय विषय होता है, जो विशेष पर्यावरणीय मनन- चिंतन पर ध्यान केंद्रित करता है। पृथ्वी दिवस 2024 का थीम है 'ग्रह बनाम प्लास्टिक' जिसका उद्देश्य मानव और ग्रह के स्वास्थ्य के लिए प्लास्टिक प्रदूषण के नुकसान के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह विषय दुनिया भर के व्यवसायों, सरकारों और नागरिकों को हमारे पर्यावरण को बेहतर बनाने और हमारे वंशजों को बेहतर और सुरक्षित भविष्य देने की आवश्यकता हेतु तैयार किया गया है। छात्रों ने पृथ्वी दिवस पर कविताओं और भाषण के माध्यम से पृथ्वी से संबंधित अपने विचार व्यक्त किए। पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विद्यालय के विज्ञान क्लब व इको क्लब द्वारा आयोजित अनेक गतिविधियों में कक्षा तीसरी से बारहवीं के विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, भाषण और कविताओं जैसी विभिन्न गतिविधियों में अनोखी बौद्धिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा तीसरी से पाँचवीं के छात्रों ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने हेतु कागज और कपड़े के थैले बनाए। शिक्षकों ने छात्रों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि पृथ्वी बहुत व्यापक शब्द है जिसमें जल, हरियाली, वन्य प्राणी और इससे जुड़े अनेक कारक भी हैं। पर्यावरण के प्रति थोड़ी सी सजगता से हम धरती को बचाने में योगदान दे सकते हैं। हमें प्रत्येक दिन पृथ्वी दिवस मानकर उसके संरक्षण के लिए जागरूक रहना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम गर्ग ने बताया कि पृथ्वी के पर्यावरण को बचाने के लिए हम ज्यादा कुछ नहीं कर सकते तो कम से कम पॉलिथीन के उपयोग को नकारे, कागज का इस्तेमाल कम करें और रिसाइकल प्रक्रिया को बढ़ावा दें क्योंकि जितनी ज्यादा खराब सामग्री रिसाइकल होगी, उतना ही पृथ्वी का कचरा कम होगा। पृथ्वी एकमात्र ऐसा ग्रह है जहाँ जीवन संभव है। इसलिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे ताकि पृथ्वी मानव के रहने हेतु एक सुंदर स्थान बन सके।








TO-LET
1 Room Set,
1st Floor,
H. No. 190,
Sector-15, Hisar
Contact :
95605-44822

डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
© 92156-88573

# धन्य हैं हिसार के उदार दानी!

## 10 रूपए में पौष्टिक भोजन सेवा शुरू










**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 अप्रैल (देवेन्द्र उप्पल):** अन्न के दान को महादान माना गया है। युवा समाजसेवी राकेश अग्रवाल और नीरज गर्ग ने गरीब और जरूरतमंद लोगों को सस्ता परंतु पौष्टिक भोजन देने की योजना बनाई और तुरंत हिसार के दानी सज्जनों ने उनके पुनीत परामर्श को मानते हुए कार्यरूप दे दिया। इसके फलस्वरूप आज सैक्टर 14 में 10 रूपए मात्र में भोजन सेवा शुरू कर दी है। रोजाना सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक खाना परोसा जाएगा। समाजसेवी शशि लोहिया ने बताया कि यह सेवा बस अड्डा, रेलवे स्टेशन और इन्डस्ट्रियल एरिया में भी शुरू करने की योजना है और इसके लिए दो वैन खरीदी जा रही हैं। अनेक समाजसेवी इस सेवा योजना के लिए एक-एक लाख रूपए दान दे चुके हैं। दान देने वालों की लम्बी सूची है। यह पुनीत प्रोजेक्ट पहले ही दिन सफलता को प्राप्त हो गया है। निरंतर लोगों की मदद प्राप्त हो रही है। आज इस अवसर पर सर्वश्री देवेन्द्र लावट, सत्येन्द्र राव, त्रिलोक बंसल, अर्चना ठकराल, नरेश गर्ग, सुनीता मेहतानी आदि भी उपस्थित थे।

जिन 25 दानी सज्जनों ने प्रारंभ में एक लाख प्रति सदस्य दिए हैं उनके नाम इस प्रकार हैं- सर्वश्री शशि लोहिया, पंकज गर्ग, Agg. Sales, रोहित गोयल, डॉ. नरेन्द्र, राकेश अग्रवाल, राजेश जंन, आनंद बंसल, नरेन्द्र सिंगल, नवीन सिवानी, योगेश मित्तल, संजय पैप्सी वाले, नीरज गोयल, प्रदीप नित्य, राजकुमार, सत्तल राजलीवाला, सुनील गोयल, विपिन नेहा ज्वैलर्स, विवेक बुडाकिया, पवन रावलवासिया, आर.के. बेरवाल, पवन प्रापर्टी, ब्रह्मानंद महीपाल, वेद गोयल तथा विनोद बाबा। ये दानी प्रति वर्ष 1 लाख रूपए इस धार्मिक कार्य के लिए दिया करेंगे।

# हजारों समर्थकों के साथ नरेश यादव (ढांणा) कांग्रेस में शामिल

## नरेश यादव के शामिल होने से पार्टी मजबूत बनी : दीपेंद्र हुड्डा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 23 अप्रैल (संचित मलिक) :** ढाणा गांव के जाने माने समाजसेवी नरेश यादव अपने हजारों समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल हो गए। प्रदेश अध्यक्ष उदयभान और सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने उन्हें पार्टी में शामिल करते हुए कहा कि उनके पार्टी में शामिल होने से पार्टी मजबूत हुई है और चुनाव में पार्टी को बहुत शक्ति मिलेगी। राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि जब भी हम सरकार में आएंगे तब हांसी का पुराना गौरव और भाई नरेश का जो हांसी को काशी बनाने का संकल्प है उसे जरूर पूरा करेंगे। नरेश के आने से कांग्रेस पार्टी को हांसी में पूरी मजबूती मिली है और हम हांसी में जीत हासिल करेंगे। कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि नरेश यादव का नाम हांसी मे अच्छा सुना है। नरेश के आने से पार्टी में पूरी मजबूती आएगी। कांग्रेस पार्टी में नरेश व उनकी टीम का स्वागत है। सर्वेश सैनी ने कहा कि नरेश यादव ने कांग्रेस पार्टी ज्वाइन करते ही अपने लिए कुछ नहीं कहा ओर हांसी के लिए राज्यसभा सांसद व शीर्ष नेतृत्व से सब कुछ मांगने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि हमने हांसी का गौरव वापस लाना है और हांसी को काशी शहर जैसा सुंदर बनाना है। हमें ऐसा लगता है कि हम साफ छवि नेक दिल वाले और हांसी के हित में काम करने वाले नरेश यादव को यदि हांसी की कमान दे दी जाए तो हांसी को काशी बनाने में जो दिक्कतें आ रही हैं, वह दूर हो जाएंगी। हम सब चाहते हैं कि भाई नरेश हांसी के विधायक बने। इस दौरान उनके साथ शहीद निशांत सिंह मलिक के पिता जयवीर मलिक, जिंदा दिल किला पार्टी से घनश्याम नागपाल, जेसीआई हांसी फोर्ट के प्रधान जेसी सर्वेश सैनी, सेन समाज के प्रधान अरुण बिडलान, यादव सभा के प्रधान अजीत यादव, हुड्डा सेक्टर 6 के प्रधान बलजीत समोता, सेक्टर-5 के प्रधान व प्रकृति मित्र सेवा समिति के प्रधान शशिकांत यादव, खटीक समाज के प्रधान लाला खटीक, गांव उमरा के पूर्व सरपंच कृष्ण मालिक, पूर्व सरपंच राजेंद्र ढांणा, सरपंच संदीप ढाणी कुमाहारन, सरपंच ढांणा खुर्द से कृष्ण यादव, खेल गांव उमरा से सपोर्ट्स संगठन के पदाधिकारी, बजरंग सेवा समिति के प्रधान नेकी राम जांगड़ा, पूर्व सरपंच जमावड़ी सुदेश यादव, वर्तमान सरपंच जमावड़ी सुमेर यादव, ढांणा कला से कैप्टन गंगा दत्त शर्मा आदि भी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए।

# हिसार की लारिसा नें मैथमेटिकल ओलंपियाड में पदक जीत भारत का नाम विश्व में किया रोशन





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 अप्रैल (इकबाल सिंह उप्पल):** हिसार के अर्बन इस्टेट निवासी लारिसा नें 13वें यूरोपियन गर्ल्स मैथमेटिकल ओलंपियाड 2024 में कांस्य पदक जीत भारत का नाम विश्व में रोशन किया। जॉर्जिया में हुए 13वें यूरोपियन गर्ल्स मैथमेटिकल ओलंपियाड 2024 में चार सदस्यीस भारतीय टीम नें दो रजत और दो कांस्यपदक जीत कर भारत को यहां सम्मान दिलाया है। चार सदस्यीस भारतीय टीम में हिसार की लारिसा के अलावा महाराष्ट्र पुणे की सई विट्ठ पाटिल केरल के तिरूवनंतपुरम की संजना फिलो चाको और गुरूग्राम की गुंजन अग्रवाल शामिल थी। यहा मुकाबले जॉर्जिया देश के त्सकालतुबो शहर में 11 अप्रैल सें 17 अप्रैल तक हुए थे। 13वें यूरोपियन गर्ल्स मैथमेटिकल ओलंपियाड 2024 में शानदार प्रदर्शन कर के बाद चार सदस्यीसभारतीय टीम 18 अप्रैल वापिस वतन लौटी तो मुंबई में टीम का भव्य स्वागत किया गया। उसी दिन जीत का जश्न मनाने के लिए होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन के मुख्स भवन में सम्मान समारोह आयोजित करके टीम को सम्मानित किया गया। 2015 के बाद चार सदस्यीस भारतीय टीम ने यह सम्मान देश की झोली में डाला है। हिसार के अर्बन इस्टेट निवासी लारिसा के पिता प्रवीन गोयल स्थानीस जिन्दल स्टेनलैस लिमिटेड में इंजीनियर हैं और माता सारिता गोयल ओपी जिन्दल मार्डन स्कू ल में अध्यापिका हैं। हिसार की होनहार बेटी लारिसा ने अपनी दसवीं तक की पढाई ओपी जिन्दल मार्डन स्कूल में की और अब उच्च शिक्षा राजस्थान के कोटा से ले रही हैं।

# बेबी सुधा रानी की पुण्यतिथि पर आध्यात्मिक कार्यक्रम कल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 अप्रैल :** बेबी सुधा रानी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा 24 अप्रैल यानी बुधवार को बेबी सुधा रानी की 12वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में शाम 4 बजे पौधा रोपण एवं डीसी कॉलोनी पार्क में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पूर्व मंत्री एवं ट्रस्ट के चेयरमैन प्रो. छत्रपाल सिंह ने कहा कि बेबी सुधा रानी के जीवन मूल्यों को ध्यान में रखते हुए ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्य किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि बेबी सुधा रानी ने जाट कॉलेज हिसार में असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ-साथ हरियाणा सरकार में तहसीलदार और फिर एक्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट के तौर पर भी अपनी सेवाएं दी थी। अपने कार्यकाल में उन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाई। नौकरी के साथ-साथ वे सामाजिक उत्थान और युवाओं के विकास के लिए भी निरंतर कार्य करती रहती थीं। प्रोफेसर छत्रपाल सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह ट्रस्ट पूरे वर्ष भर गांव, पंचायतों, स्कूलों, एवं महाविद्यालयों तथा सभी संस्थानों में सामाजिक उत्थान के लिए व्याख्यान, विचार-विमर्श एवं अन्य अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित करती है। आध्यात्मिक विकास के लिए भजन संध्या, कीर्तन और हवन इत्यादि का भी आयोजन किया जाता है। स्वास्थ्य के मद्देनजर फ्री मेडिकल कैंप और स्पोर्ट्स मीट भी आयोजित की जाती हैं। बेरोजगारी को समस्या से निपटने के लिए जागरूकता कार्यक्रम, मोटिवेशनल कैंप और रोजगार कहां-कहां उपलब्ध हैं उसके बारे में भी जानकारी उपलब्ध करवाई जाती है। इसी कड़ी में 24 अप्रैल को बेबी सुधा रानी की पुण्यतिथि पर डीसी कॉलोनी पार्क में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के सभी वर्गों के लोग शामिल होंगे और बेबी सुधा रानी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

# लाहौरिया विद्या मन्दिर सी. सै. स्कूल में मनाई गई हनुमान जयंती



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 अप्रैल :** आज चेत्र पूर्णिमा को लाहौरिया विद्यालय के सभागार में हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया गया। पौराणिक मान्यता अनुसार हनुमान जी के समक्ष किसी भी तरह की शक्तियां नहीं टिक पाती है। इसलिए उन्हे संकट मोचना कहा जाता है। बच्चों ने हनुमान जी से संबंधित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जो अत्यंत मन मोहक व शिक्षाप्रद थे। विद्यालय के प्रबन्धक श्री प्यारेलाल, प्रधानाचार्य श्री कृष्ण कुमार गोयल व मुख्याध्यापिका श्रीमती नीलम ने बलशाली हनुमान के जीवन से विनीत, मृदुभाषी, धर्म रक्षक, अच्छाई के पक्षधर बनने की बात कही। सनातन धर्म शाश्वत है। हम सभी अपने अच्छे कर्मो से अपने सनातन धर्म की सदैव रक्षा करते रहेंगे।

# भाजपा लोकसभा उम्मीदवार रणजीत सिंह को मिल रहा भारी समर्थन : डॉ. आशा खेदड़



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 अप्रैल :**भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने दावा किया है कि लोकसभा उम्मीदवार रणजीत सिंह के चुनाव प्रचार को जनता को भारी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अब तक भाजपा उम्मीदवार ने जिन हलकों का दौरा किया है, उन हलकों में जनता ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में प्रतिबद्धता दर्शाई है।

डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए सबसे पहले उम्मीदवार घोषित करके प्रचार अभियान शुरू कर रखा है। पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों व मोर्चो की बैठक लेकर संबंधित कार्यकर्ताओं को मोदी सरकार की कल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि जनता इन नीतियों से अनभिज्ञ न रहें। उन्होंने कहा कि केन्द्र व हरियाणा की भाजपा नेतृत्व वाली सरकारों ने हर वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं बनाई है, जिनका लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। इन नीतियों का लाभ उठाकर हर वर्ग का उत्थान हुआ है।

डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए 400 पार का नारा दिया है और इस नारे को देश की जनता के सहयोग से साकार करना है। जनता ने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की ठान ली है। उन्होंने कहा कि विरोधी दल कांग्रेस अभी तक अपना प्रत्याशी भी नहीं उतार पाई है, जिसके चलते विरोधियों के हौंसले चुनाव से पहले ही पस्त हो गए हैं। उन्होंने दावा किया कि हिसार सहित हरियाणा की सभी लोकसभा सीटों पर सभी उम्मीदवार भारी मतों से चुनाव जीतेंगे और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता चुनाव की तैयारियों में जोर-शोर से जुटे हुए हैं। संगठन में वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं की बैठकें लेकर उनकी ड्यूटियां लगा चुके हैं वहीं हर दिन अन्य वरिष्ठ नेता बैठकें लेकर कार्यकर्ताओं को अपडेट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर कार्यकर्ता में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के प्रति भारी उत्साह है।

# यादव सभा के 187 कॉलेजियम मैंबर्स निर्विरोध चुने गए

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 अप्रैल :** यादव सभा हिसार के चुनाव अधिकारी गंगादत्त यादव ने बताया कि यादव सभा हिसार के 187 कॉलेजियम मैंबर निर्विरोध चुन लिए गए हैं। इन सभी कॉलेजियम मैंबर को आगामी 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे बरवाला रोड स्थित यादव धर्मशाला, में शपथ ग्रहण कराई जाएगी और पहचान पत्र वितरित किए जाएंगे। यादव सभा के प्रधान अजीत सिंह यादव ने सभी नव निर्वाचित कॉलेजियम मैंबर्स को बधाई दी।

# सिरसा रोड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आग लगी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 23 अप्रैल :** स्थानीय सरसा रोड पर स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आज दोपहर को अचानक आग लग गई। आग से निकलने वाला धुआं इतना भयंकर था कि आसपास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। मौके पर तुरंत पुलिस पहुंच गई और स्थिति को कंट्रोल किया। आग बुझाने के लिए दमकल विभाग की गाड़ियां भी मौके पर बुलाई गई। दमकल विभाग ने थोड़ी देर में ही आग पर कंट्रोल कर लिया। आग से होने वाले नुकसान का अनुमान अभी तक नहीं लग पाया।

# 5 दिवसीय श्री बालाजी जन्मोत्सव कार्यक्रम शुरू

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 23 अप्रैल :** श्री सालासर धाम मंदिर हांसी में आज श्री बालाजी महाराज का जन्मोत्सव का आगाज बड़े धूमधाम से किया गया, जिसमें सर्व प्रथम बालाजी महाराज को चोला अर्पण किया गया व अखंड ज्योत जलायी गयी। मंदिर के सचिव मुनीष जैन ने बताया कि आज 200 से अधिक भगतों ने बाबा की ज्योत लगाई व सैंकड़ों भगतों ने चोला अर्पण किया। आज विद्वान पंडितों द्वारा बाबा के 5100 हनुमान चालीसा का अखंड पाठ शुरू किया गया और संकट मोचन हवन किया गया जिसके यजमान सुरेंद्र शर्मा जी रहे। मंदिर में भोग, सवामणी व भंडारे का भगतो का विशेष योगदान रहता है भंडारे में आज 700 के करीब भगतो ने प्रशाद लिया। आज विदेशी फूलों से बाबा का श्रृंगार किया गया व राजस्थान के इत्र लगाया गया साथ में पटियाला के कारीगरों की लाइटों द्वारा पूरे शहर को सजाया गया है।

**दयानन्द महाविद्यालय, हिसार**

**निविदा आमन्त्रण**

दयानन्द महाविद्यालय, हिसार में पुरानी रद्दी (अखबार, कागज, गत्ते) को बेचा जाना है। इच्छुक ठेकेदार अपने रेट (कोटेशन) सीलबंद लिफाफे में दिनांक 30.04.2024 (मंगलवार) को दोपहर 1 बजे तक महाविद्यालय कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। अगर रद्दी का सही मूल्य नहीं मिलता है तो इस प्रक्रिया को रद्द भी की जा सकता है। जिसका पूर्णतय अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

डॉ विक्रमजीत सिंह
प्राचार्य

दूरभाष : 01662–270989




प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in

कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)

किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

